# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**05.08.2024** **19:45 बजे**

## " मुख्य समाचार"

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– धारा–370 के हटने से जम्मू कश्मीर में प्रगति और समृद्धि के नए युग की हुई शुरूआत।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में कैंसर से ग्रसित मरीजों को मुफ्त दवाईयां प्रदान करेगी राज्य सरकार।
- शिमला, मंडी व कुल्लू ज़िले में बादल फटने से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च अभियान लगातार जारी– अब तक 15 शव बरामद।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदा प्रभावितों को संशोधित राहत मैनुअल के अनुसार राहत प्रदान करने की प्रदेश सरकार से की मांग।

### प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में धारा–370 के निस्तारीकरण के आज पांच वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने पांच वर्ष पुराने इस निर्णय को याद करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि इससे जम्मू कश्मीर व लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरूआत हुई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए काम करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि साथ ही, आने वाले समय में राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को भी पूरा करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पांच साल पहले 5 अगस्त को संसद ने अनुच्छेद 370 और 35(ए) को हटाने का निर्णय लिया था। यह निर्णय राष्ट्र के इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण था। उन्होंने कहा कि यह जम्मू–कश्मीर और लद्दाख की प्रगति व समृद्धि के एक नए युग की शुरूआत का समय था।

### सुखविंदर सिंह

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में कैंसर से ग्रसित मरीजों को मुफ्त दवाइयां प्रदान की जाएंगी और उनका इलाज भी पूरी तरह से निःशुल्क पूरा किया जाएगा। आज शिमला में स्टेट एडवाइजरी बोर्ड ऑन कैंसर एंड

पल्लिएटिव केयर प्रोग्राम की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि देश के उत्तर–पूर्वी राज्यों में कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कैंसर के मामलों में देश में दूसरे स्थान पर आ गया है जो चिंता का विषय है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी अस्पतालों में कैंसर के मरीजों को उनके उपचार के लिए 42 दवाइयां मुफ्त प्रदान करेगी और इन दवाइयों को राज्य की अनिवार्य दवा सूची में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कैंसर उपचार सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 3 सौ करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए। इसके तहत 75 करोड़ रुपये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, कैंसर केयर हमीरपुर की आधारभूत संरचना, 75 करोड़ रुपये चमियाणा शिमला में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा और एक सौ 50 करोड़ रुपये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हमीरपुर में विश्व स्तरीय कैंसर उपचार उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला से वर्चुअल माध्यम से चंबा जिला में एक सौ 20 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें चम्बा में प्रदेश का प्रथम ग्रीन हाइड्रोजन आधारित मोबिलिटी स्टेशन का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्टेशन ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी क्षेत्र में प्रदेश का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की इस महत्त्वाकांक्षी हरित पहल का निर्माण नेशनल हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन द्वारा 14 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जाएगा और अगस्त, 2025 तक इस परियोजना के पूरा होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना एनएचपीसी चमेरा–3 पावर स्टेशन के निकट स्थापित की जाएगी और ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इसे 3 सौ किलोवाट ग्रिड के सौर ऊर्जा संयंत्र से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस नवीन पहल के माध्यम से क्षेत्र में पहली बार ग्रीन हाइड्रोजन बसों की शुरूआत की जाएगी और प्रदेश सरकार की इस नवोन्मेषी

पहल से  भारत के दुर्गम क्षेत्रों में ग्रीन हाइड्रोजन के प्रति जागरूकता फैलाने में सहायता मिलेगी।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कई अहम कदम उठा रही है और अब बच्चों को पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने आज किन्नौर जिला के निचार विकास खंड की सुंगरा पंचायत के राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर जगत सिंह नेगी ने कहा कि जनजातीय जिला किन्नौर की बेटियों ने शिक्षा व खेल के क्षेत्र में कई बार प्रदेश को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत एकल लड़की के माता पिता को प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 35 हजार रूपए से बढ़ाकर दो लाख रूपए किया है। इसके अलावा पहली से 12वीं कक्षा तक 3 सौ से 12 हजार रूपए तक की आर्थिक सहायता किताबें और वर्दी खरीदने के लिए भी प्रदान की जाएगी।

## तलाशी अभियान

प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। इन घटनाओं में अभी भी करीब 40 लोग लापता है जबकि अब तक 15 शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें मंडी जिले के राजबन में 8, कुल्लू के निरमंड में दो, और शिमला के समेज से पांच लोगों के शव बरामद हुए हैं। शिमला जिले के समेज क्षेत्र में तलाशी अभियान के पांचवें दिन आज सुन्नी डैम के करीब डोगरी से एक युवती और एक पुरूष का शव बरामद हुआ है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि समेज त्रासदी में लापता 36 लोगों के परिजनों के डी.एन.ए सैंपल लिए गए है। डीएनए मैचिंग के बाद ही शवों की शिनाख्त हो पाएगी। उन्होंने कहा कि 85 किलोमीटर के क्षेत्र में चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन में अभी तक पांच शव बरामद हुए हैं। उपायुक्त ने कहा कि

शव काफी क्षत–विक्षत हालात में मिल रहे है और ऐसे में शवों की शिनाख्त करना एक चुनौती है। इसी के चलते फैसला लिया गया है कि सभी शवों के डीएनए मैच करवाए जाएंगे। उधर कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि मलाणा से 15 स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। उन्होंने कहा कि श्रीखंड यात्रा में गए सभी लोग वापिस आ गए हैं लेकिन दो दर्जन के करीब लोग जाओं में रूके हैं। बागीपुल से जाओं के बीच सड़क को दुरूस्त करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा बागीपुल में बिजली सुविधा को बहाल कर दिया गया है। उधर लाहौल स्पीति जिले की मयाड़ घाटी में तिंगरट व करपट के चांगुट व उड़गौस नाले में बाढ़ आने के कारण लोक निर्माण विभाग का पुल बह गया है जिसके चलते घाटी के गांव का संपर्क अन्य स्थानों से टूट गया है। इस आपदा से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले चार दिन तक राज्य में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

**<u>विक्रमादित्य सिंह</u>**

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि भारी बारिश व बादल फटने के कारण प्रदेश में जान–माल का बहुत नुकसान हुआ है। आज शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा 20 करोड़ रुपये की राशि लोक निर्माण विभाग को स्वीकृत की है, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त पुलों व सड़कों को यातायात के लिए जल्द बहाल किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारी बारिश व बादल फटने की घटनाओं से लोक निर्माण विभाग को प्रारंभिक आंकलन के अनुसार लगभग 3 सौ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को अभी तक किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता नहीं मिली है। विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल प्रदेश से भाजपा के सांसदों से आपदा की इस घड़ी में केंद्र से हिमाचल के लिए आर्थिक मदद का मुद्दा उठाने का आग्रह किया है।

**जयराम**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार से आपदा प्रभावितों को इस वर्ष भी संशोधित राहत मैनुअल के अनुसार मदद प्रदान करने की मांग की है। शिमला में आज पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर साल बरसात में भारी नुकसान हो रहा है ऐसे में सरकार को ठोस नीति बनाने की जरूरत है। जयराम ठाकुर ने सरकार से पूछा है कि पिछले साल के आपदा प्रभावितों को संशोधित राहत मैनुअल के मुताबिक अब तक भी राहत क्यों नहीं दी गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के समक्ष भी आपदा से हुए नुकसान का मामला उठाया है और केंद्र ने प्रदेश को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। जयराम ठाकुर ने निजी अस्पतालों में हिमकेयर योजना को बंद किए जाने के राज्य सरकार के फैसले को भी गलत बताया।

**सिकंदर**

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि वर्ष 2012 में शुरू हुई नई रौशनी योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में पांच सौ लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। सांसद सिकंदर कुमार द्वारा आज संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नई रौशनी योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में योजना के संचालन के तीन वर्षों के दौरान कार्यान्वयन भागीदारों को अनुदान के रूप में तीन लाख के रूपए की राशि जारी की गई

**पौध रोपण**

हमीरपुर जिले की डिडवीं टिक्कर पंचायत में सर्वजन कल्याण सभी द्वारा कल पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सर्वजन कल्याण सभा द्वारा पौध रोपण अभियान चलाया जाएगा जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों सहित महिला मंडलों व युवक मंडलों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– धारा–370 के हटने से जम्मू कश्मीर में प्रगति और समृद्धि के नए युग की हुई शुरूआत।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में कैंसर से ग्रसित मरीजों को मुफ्त दवाईयां प्रदान करेगी राज्य सरकार।
- शिमला, मंडी व कुल्लू ज़िले में बादल फटने से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च अभियान लगातार जारी– अब तक 15 शव बरामद।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदा प्रभावितों को संशोधित राहत मैनुअल के अनुसार राहत प्रदान करने की प्रदेश सरकार से की मांग।